पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

**कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट नंबर 4, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली 110075**

# प्रेस विज्ञप्ति
# वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही एवं नवम माह के लिए वित्तीय परिणाम

## मुख्य अंश

- निवल लाभ वर्ष-दर-वर्ष 102.8% से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में ₹4508 करोड़ हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में यह ₹ 2223 करोड़ था।
- आस्तियों पर प्रतिलाभ(आरओए) वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 0.58% से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 1.03% हो गया।
- इक्विटी पर प्रतिलाभ(आरओई) वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 12.45% से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 19.22% हो गया।
- निवल ब्याज आय (एनआईआई) वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में ₹10293 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में ₹11032 करोड़ हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 7.2% का सुधार दर्शाता है।
- वैश्विक निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वित्त वर्ष 2025 के नौ महीनों के लिए 2.97% और वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 2.93% रहा।
- जीएनपीए अनुपात में वर्ष दर वर्ष 215 बीपीएस का सुधार होकर दिसंबर 23 के 6.24% से यह दिसंबर 24 को 4.09% हो गया।
- एनएनपीए अनुपात में वर्ष दर वर्ष 55 बीपीएस का सुधार होकर दिसंबर 23 के 0.96% से यह दिसंबर 24 को 0.41% हो गया।
- प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडब्ल्यूओ सहित) दिसंबर 23 के 94.28% से दिसंबर 24 को वर्ष दर वर्ष 249 बीपीएस से बढ़कर 96.77% हो गया।
- प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडब्ल्यूओ को छोड़कर/रहित) दिसंबर 2023 के 85.40% से दिसंबर 2024 को वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 483 बीपीएस से बढ़कर 90.23% हो गया।
- क्रेडिट लागत वर्ष-दर-वर्ष 114 बीपीएस से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 1.26% से वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 0.12% हो गई।
- वैश्विक कारोबार दिसंबर 2023 के ₹22,90,742 करोड़ से दिसंबर 2024 को वर्ष-दर-वर्ष 15.25% बढ़कर ₹26,39,991 करोड़ हो गया।
- वैश्विक जमाराशियों में वर्ष-दर-वर्ष 15.58% की वृद्धि दर्ज की गई जो दिसंबर 2023 के ₹13,23,486 करोड़ से बढ़कर दिसंबर 2024 को ₹15,29,699 करोड़ हो गया ।
- वैश्विक अग्रिम में वर्ष-दर-वर्ष 14.79% की वृद्धि हुई, जो दिसंबर 2023 के ₹9,67,256 करोड़ से बढ़कर दिसंबर 2024 में ₹11,10,292 करोड़ हो गया।
- रिटेल-कृषि-एमएसएमई (रैम) अग्रिम में वर्ष-दर-वर्ष 16.43% की वृद्धि दर्ज़ की गई, जो दिसंबर 2023 के ₹5,12,327 करोड़ से बढ़कर दिसंबर 2024 को ₹5,96,482 करोड़ हो गया।

**कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट नंबर 4, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली 110075**

## प्रमुख मापदंडों में कारोबारी प्रदर्शन

**जमा**

- ❖ बचत जमा राशि वर्ष दर वर्ष 2.8% की वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर ₹4,92,138 करोड़ हो गई।
- ❖ चालू जमाराशि वर्ष दर वर्ष 2.0% की वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर ₹70,018 करोड़ हो गई।
- ❖ कासा जमा राशि वर्ष दर वर्ष 2.7% की वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर ₹5,62,156 करोड़ हो गई।
- ❖ दिसंबर, 2024 को बैंक का CASA शेयर 38.12% रहा।
- ❖ दिसंबर, 2024 को कुल सावधि जमा में वर्ष दर वर्ष आधार पर 24.7% की वृद्धि देखी गई और यह ₹9,67,543 करोड़ हो गई।

**अग्रिम**

- ❖ दिसंबर, 2024 को कुल रिटेल ऋण वर्ष-दर-वर्ष 22.6% बढ़कर ₹2,62,627 करोड़ हो गया।
- ❖ बैंक ने कोर रिटेल के अंतर्गत वर्ष-दर-वर्ष 17.3% की वृद्धि दर्ज की। कोर रिटेल क्रेडिट के अंतर्गत:
  - आवास ऋण वर्ष-दर-वर्ष 17.3% बढ़कर ₹1,11,230 करोड़ हो गया।
  - वाहन ऋण में वर्ष-दर-वर्ष 26.8% की वृद्धि दर्ज की गई और यह ₹24,663 करोड़ तक पहुंच गया।
- ❖ कृषि ऋण वर्ष-दर-वर्ष 13.2% बढ़कर ₹1,74,472 करोड़ हो गया।
- ❖ एमएसएमई ऋण वर्ष-दर-वर्ष 10.07% बढ़कर ₹1,59,383 करोड़ हो गया।

## आस्ति गुणवत्ता

- ❖ सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) दिसंबर, 2023 के ₹60,371 करोड़ से दिसंबर, 2024 को ₹14,957 करोड़ से घटकर ₹45,414 करोड़ हो गई।
- ❖ निवल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनएनपीए) दिसंबर, 2023 के ₹8,816 करोड़ से दिसंबर 2024 को ₹4,379 करोड़ घटकर ₹4,437 करोड़ हो गई।

## लाभप्रदता

- ❖ वित्त वर्ष 2025 के नौ महीनों में शुद्ध लाभ ₹12,063 करोड़ रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 130.5% की वृद्धि दर्ज की गई।
- ❖ वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में परिचालन लाभ ₹6,621 करोड़ तथा वित्त वर्ष 2025 की नौ महीनों के लिए ₹20,055 करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष दर वर्ष आधार पर क्रमशः 4.6% तथा 8.3% की वृद्धि दर्शाता है।
- ❖ वित्त वर्ष 25 के नौ महीनों में शुद्ध ब्याज आय ₹32,025 करोड़ रही, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 7.8% की वृद्धि दर्ज की गई।
- ❖ वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में कुल आय ₹34,752 करोड़ तथा वित्त वर्ष 2025 की नौ महीनों के लिए ₹1,01,365 करोड़ रही, जो कि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 16.0% तथा 15.3% की वृद्धि दर्ज करती है।
- ❖ वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए कुल ब्याज आय ₹31,340 करोड़ और वित्त वर्ष 2025 की नौ महीनों के लिए ₹89,771 करोड़ थी, जिसमें कि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 14.8% और 13.9% की वृद्धि दर्ज की गई।
- ❖ वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए गैर-ब्याज आय ₹3,412 करोड़ और वित्त वर्ष 2025 की नौ महीनों के लिए ₹11,593 करोड़ रही, जो कि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 27.6% और 26.9% की वृद्धि दर्ज करती है।
- ❖ वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए कुल ब्याज व्यय ₹20,308 करोड़ और वित्त वर्ष 2025 की नौ महीनों के लिए ₹57,746 करोड़ रहा, जो कि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 19.5% और 17.7% बढ़ा।
- ❖ वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए परिचालन व्यय ₹7,824 करोड़ और वित्त वर्ष 2025 की नौ महीनों के लिए ₹23,564 करोड़ रहा, जो कि वर्ष दर वर्ष आधार पर क्रमशः 17.9% और 15.8% बढ़ा।

## पूंजी पर्याप्तता

- ❖ दिसंबर, 2023 के 14.63% के मुकाबले दिसंबर, 2024 को सीआरएआर 15.41% रहा।
- ❖ दिसंबर, 2024 को टियर-I पूंजी 12.53% पर (सीईटी-1 दिसंबर, 2024 को 10.65% पर रही जबकि यह दिसंबर, 2023 को 9.86% थी और एटी-1 दिसंबर, 2024 को 1.88% पर रही जबकि यह दिसंबर 2023 को 1.87% थी) तथा टियर-II 2.88.% पर रही।

**कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट नंबर 4, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली 110075**

## दक्षता/उत्पादकता अनुपात

- वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में अग्रिमों पर वैश्विक प्रतिलाभ 8.38% और वित्त वर्ष 25 के नौ महीनों में 8.34% रहा, जबकि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में यह 8.45% और वित्त वर्ष 24 के नौ महीनों में 8.22% था।
- वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में जमाराशियों की वैश्विक लागत में वर्ष दर वर्ष 28 बीपीएस से 5.24% की वृद्धि हुई और वित्त वर्ष 25 के नवम माह के लिए 33 बीपीएस से 5.18% तक वृद्धि हुई।
- वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में निवेश पर प्रतिलाभ में वर्ष दर वर्ष 11 बीपीएस से 6.87% तक तथा वित्त वर्ष 2025 के नौ महीनों में 20 बीपीएस से 6.98% तक का सुधार हुआ ।
- आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) वित्त वर्ष 24 के नौ महीनों में 0.46% से बढ़कर वित्त वर्ष 25 के नवम माह में 0.96% हो गया।
- इक्विटी पर प्रतिलाभ (आरओई) वित्त वर्ष 24 के नवम माह के 10.01% से बढ़कर वित्त वर्ष 25 के नवम माह में 18.87% हो गया।
- प्रति कार्मिक कारोबार दिसंबर 2023 के ₹23.08 करोड़ से बढ़कर दिसंबर 2024 को ₹26.29 करोड़ हो गया। प्रति शाखा कारोबार दिसंबर 2023 के ₹220.51 करोड़ से बढ़कर दिसंबर 2024 को ₹ 250.22 करोड़ हो गया।
- वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में प्रति कार्मिक निवल लाभ ₹9.16 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में ₹18.48 लाख हो गया। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही प्रति शाखा निवल लाभ ₹87.47 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में ₹175.87 लाख हो गया।

## प्राथमिकता क्षेत्र की उपलब्धि

- प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम 40% के राष्ट्रीय लक्ष्य को पार कर गया तथा एएनबीसी के 40.45 % पर बना रहा।
- कृषि अग्रिम राष्ट्रीय लक्ष्य 18% के राष्ट्रीय लक्ष्य को पार कर गया तथा एएनबीसी के 18.20% पर बना रहा।
- लघु एवं सीमांत किसानों को प्रदत्त ऋण 10% के राष्ट्रीय लक्ष्य को पार कर गया तथा एएनबीसी के 10.12% पर बना रहा।
- कमजोर वर्गों को प्रदत्त ऋण 12% के राष्ट्रीय लक्ष्य को पार कर गया तथा एएनबीसी के 13.56% पर बना रहा।
- सूक्ष्म उद्यमों को प्रदत्त ऋण 7.50% के राष्ट्रीय लक्ष्य को पार कर गया है तथा एएनबीसी के 8.02% पर बना रहा।

## वित्तीय समावेशन

- प्रधानमंत्री जनधन योजना के खातों की संख्या दिसंबर 2023 के 4.91 करोड़ से बढ़कर दिसंबर 2024 को 5.34 करोड़ हो गई।
- दिसंबर 2024 तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के अंतर्गत नामांकन निम्नानुसार हैं:

(राशि ***लाख में)***

| **जन सुरक्षा योजना नामांकन** | **31.12.2023** | **31.12.2024** |
|---|---|---|
| प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) | 61.90 | 69.32 |
| प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) | 246.29 | 283.22 |
| अटल पेंशन योजना (एपीवाई) | 33.58 | 43.79 |

## डिजिटल प्रगति और पहल

- पीएनबी वन में सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 31.12.2023 को 157 लाख से बढ़कर 31.12.2024 को 208 लाख हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 32.5% की वृद्धि दर्ज करती है।
- व्हाट्सएप बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की संख्या 31.12.2023 को 27.8 लाख से बढ़कर 31.12.2024 को 52.71 लाख हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 89.6% की वृद्धि दर्ज करती है।
- 31.12.2024 तक पीएनबी वन बिज़ (150+ सुविधाओं वाला कॉर्पोरेट एम-बैंकिंग ऐप) उपयोगकर्ताओं की संख्या 58 हज़ार है।
- **महत्वपूर्ण पहल:**
  - पीओएस टर्मिनलों में गतिशील मुद्रा रूपांतरण (Dynamic Currency Conversion) का शुभारंभ किया गया।
  - पीएनबी वन के माध्यम से डेबिट कार्ड उपयोगकर्ताओं और लेनदेन के लिए लॉयल्टी रिवार्ड पॉइंट्स
  - EasyMyTrip के साथ सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड
  - व्हाट्सएप बैंकिंग के माध्यम से डेबिट कार्ड, वियरेबल्स और ग्रीन पिन ओटीपी जनरेशन के लिए आवेदन
  - इलेक्ट्रॉनिक निगोशिएबल वेयरहाउस रसीद (eNWR ) के प्रति डिजिटल वित्तपोषण
  - डीमैट और ट्रेडिंग खाता खोलने के लिए एकल सुविधा
  - पीएनबी वन के माध्यम से एसएसए खाता खोलना

**कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट नंबर 4, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली 110075**

## वितरण नेटवर्क

- 31 दिसंबर 2024 तक बैंक की 10,168 घरेलू शाखाएँ और 2 अंतर्राष्ट्रीय शाखाएँ हैं। कुल शाखाओं में से बैंक की 63.3% शाखाएँ ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं।
- शाखाओं का वितरण निम्नानुसार है:

| श्रेणी | शाखाओं की संख्या | % शेयर |
|---|---|---|
| ग्रामीण | 3937 | 38.7% |
| अर्ध शहरी | 2503 | 24.6% |
| शहरी | 2004 | 19.7% |
| महानगर | 1724 | 17.0% |

- बैंक के वितरण नेटवर्क में 12,034 एटीएम और 32,139 बीसी भी शामिल हैं, जिससे 31.12.2024 तक टच प्वाइंट की कुल संख्या 54,341 हो गई है।

## पुरस्कार एवं सम्मान

- **100वें SKOCH सम्मेलन में SKOCH पुरस्कार -** बीएफएसआई श्रेणी के अंतर्गत 'एटीएम की विश्लेषणात्मक मॉडल आधारित व्युत्पन्न नकदी प्रतिधारण सीमा' के लिए प्राप्त
- **एसएचजी लिंकेज 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन -** दीनदयाल अन्त्योदय योजना , एनआरएलएम, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त
- **20वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन में पुरस्कृत एवं भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा एक्सपो और प्रशस्ति पत्र 2024**

  **निम्नलिखित 2 श्रेणियों के अंतर्गत पुरस्कार प्रदान किया गया –**

  - उत्कृष्ट आईटी जोख़िम प्रबंधन (विशेष उल्लेख)
  - उत्कृष्ट फिनटेक एवं डीपीआई अंगीकरण (विशेष उल्लेख)
- **एसएचआरएम एचआर उत्कृष्टता के साथ प्रथम रनर अप पुरस्कार** - सोसाइटी ऑफ ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएचआरएम) द्वारा पीएसई श्रेणी के अंतर्गत समावेश, समानता और विविधता के क्षेत्र में प्रदत्त

## बैंक की सोशल मीडिया उपस्थिति

- **फेसबुक:** 27,23,757 फ़ॉलोअर्स https://www.facebook.com/pnbindia/
- **X:** 4,64,195 फ़ॉलोअर्स https://twitter.com/pnbindia
- **इंस्टाग्राम:** 8,27,493 फ़ॉलोअर्स https://www.instagram.com/pnbindia
- **लिंक्डइन:** 1,69,160 फ़ॉलोअर्स https://in.linkedin.com/company/pnbindia
- **यूट्यूब:** 2,33,190 सब्सक्राइबर https://www.youtube.com/pnbindia
- **थ्रेड्स:** 36,904 फ़ॉलोअर्स https://www.threads.net/@pnbindia

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 31.01.2025**